विश्व आर्थिक मंच

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

[विश्व आर्थिक मंच (WEF)] द्वारा 15 जनवरी से 19 जनवरी, 2024 तक **स्विट्ज़रलैंड के दावोस में** अपनी **वार्षिक बैठक** का आयोजन किया जा रहा है।

विश्व आर्थिक मंच (WEF) से संबंधित प्रमुख तथ्य क्या हैं?

- **परिचय: WEF सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिये अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। यह फोरम/मंच वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग एजेंडा को आयाम देने के लिये समाज के अग्रणी राजनीतिक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक और अन्य अभिकर्त्ताओं को शामिल करता है।**
- इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।
- **स्थापना: मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पृष्ठभूमि और हार्वर्ड से लोक प्रशासन में मास्टर डिग्री वाले जर्मन प्रोफेसर क्लॉस श्वाब ने वर्ष 1971 में WEF की स्थापना की, जिसे मूल रूप से यूरोपीय प्रबंधन मंच (European Management Forum) के रूप में जाना जाता था।**
- उन्होंने "[हितधारक पूंजीवाद]" की अवधारणा पेश की।
- श्वाब के अनुसार, "यह पूंजीवाद का एक रूप है जिसमें कंपनियाँ न केवल शेयरधारकों के लिये अल्पकालिक लाभ का अनुकूलन करती हैं, बल्कि अपने सभी हितधारकों और बड़े पैमाने पर समाज की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक मूल्य निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करती हैं।"

नोट: यूरोपीय प्रबंधन मंच चीन के आर्थिक विकास आयोगों के साथ साझेदारी शुरू करने वाली **पहली गैर-सरकारी संस्था** थी, जिसने **चीन में आर्थिक सुधार नीतियों को बढ़ावा** दिया।

- **विकास:** वर्ष **1973** की घटनाओं अर्थात् [ब्रेटन वुड्स निश्चित विनिमय दर तंत्र] के पतन एवं **अरब-इज़रायल युद्ध** के कारण, वार्षिक बैठक ने प्रबंधन से लेकर आर्थिक और सामाजिक मुद्दों तक अपना ध्यान केंद्रित किया।
    - दो वर्ष बाद, संगठन ने **विश्व की 1,000 अग्रणी कंपनियों के लिये सदस्यता की एक प्रणाली** शुरू की।
    - वर्ष 1987 में, यूरोपीय प्रबंधन मंच **औपचारिक रूप से विश्व आर्थिक मंच बन गया** जिसने संवाद के लिये एक मंच प्रदान करने हेतु अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने की मांग की।
    - वर्ष 2015 में, मंच को औपचारिक रूप से एक **अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में मान्यता** दी गई थी।
- **वित्तपोषण: यह मुख्य रूप से साझेदार निगमों द्वारा समर्थित है तथा अमूमन इसका वार्षिक टर्नओवर 5 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक होता है।**
- **दावोस में वार्षिक बैठक:** दावोस में आयोजित 500 सत्रों में वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिये लगभग **3,000 प्रतिभागी** (भुगतान करने वाले सदस्यों व आमंत्रित अतिथियों सहित) भाग लेते हैं। प्रतिभागियों में निवेशक, व्यापारिक नेता, राजनीतिक नेता, अर्थशास्त्री, मशहूर हस्तियाँ इत्यादि शामिल होते हैं।
- **WEF में प्रमुख राजनयिक क्षण:**
    - **[कोरियाई कूटनीति]:** उत्तर तथा दक्षिण कोरिया द्वारा दावोस में पहली मंत्री स्तरीय बैठक की गई थी।
    - **[जर्मनी का पुनः एकीकरण (1989)]:** पूर्वी जर्मन प्रधानमंत्री तथा जर्मन चांसलर द्वारा पुनः एकीकरण पर चर्चा के लिये WEF में मुलाकात की गई थी।
    - **दक्षिण अफ्रीकी कीर्तिमान (1992):** दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति डी क्लार्क, नेल्सन मंडेला तथा ज़ुलु राजकुमार मैंगोसुथु बुथेलेज़ी ने दक्षिण अफ्रीका के अतिरिक्त पहली बार संयुक्त रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज की, जो देश के **राजनीतिक परिवर्तन में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर** था।
    - **[G20] की उत्पत्ति (1998):** WEF ने प्रमुख विकासशील देशों को शामिल करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। अतः **G20 की अवधारणा अस्तित्व में आई** जो प्रारंभ में वित्त मंत्रियों तक सीमित थी।
        - WEF की चर्चाओं से अस्तित्व में आया G20 एक शिखर सम्मेलन के रूप में विकसित हुआ।
- **प्रमुख रिपोर्ट:** WEF नियमित रूप से विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त रिपोर्ट प्रकाशित करता है जिसमें **वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता रिपोर्ट तथा वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, ऊर्जा संक्रमण सूचकांक, वैश्विक जोखिम रिपोर्ट, वैश्विक यात्रा एवं पर्यटन रिपोर्ट** शामिल हैं।

UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. नम्निलखिति में से कौन-सा वश्वि के देशों के लयि 'सार्वभौमकि लैंगकि अंतराल सूचकांक' का श्रेणीकरण प्रदान करता है? (2017)

(a) वश्वि आर्थकि मंच
(b) संयुक्त राष्ट्र मानवाधकिार परषिद
(c) संयुक्त राष्ट्र महलिा
(d) वश्वि स्वास्थ्य संगठन

उत्तर: (a)

प्रश्न. नम्निलखिति में से कौन वश्वि आर्थकि मंच का संस्थापक है? (2009)

(a) क्लॉस श्वाब
(b) जॉन केनेथ गॉलब्रैथ
(c) रॉबर्ट ज़ूलकि
(d) पॉल क्रुगमैन

उत्तर: (a)

प्रश्न. वैश्वकि प्रतस्पिर्द्धात्मकता रपिोर्ट कसिके द्वारा प्रकाशति की जाती है? (2019)

(a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(b) व्यापार एवं वकिास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन
(c) वश्वि आर्थकि मंच
(d) वश्वि बैंक

उत्तर: (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-economic-forum-7